प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने जन्मदिवस समारोह का किया आयोजन

झाबुआ। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला समिति के थांदला गेट स्थित कार्यालय पर 1 से 15 अक्टूबर तक जिन पेंशनरों का जन्मदिवस था, उनका स्वागत कार्यालय में पुष्पमाला पहनाकर किया गया एवं उनके स्वस्थ, सुखी, प्रसन्न और दिर्घायु होने की शुभकामनाएं दी गई। इसी क्रम में पेंशनर्स ब्रजबिहारी त्रिवेदी, विनोद पवांर, सविता गुप्ता, अरूणा वरदिया एवं शशिकांत वरदिया का जन्मदिन हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के वरिष्ठ संरक्षक डॉ. केके त्रिवेदी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. केसी कोठारी, उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम ताम्रकार, जितेन्द्र शाह, वरिष्ठ सदस्य भगवतीलाल शाह, राधेश्याम परमार, नाथुलाल पाटीदार, आत्मप्रकाश अरोड़ा, पं. जनार्दन शुक्ला, मनोज खाबिया, रमेश अजनार, अशोक चौहान, सुनील शुक्ला, अशोक जैन, श्रीमती कृष्णा सोनी, उमा त्रिवेदी, सुषमा शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, बहादुरसिंह चौहान आदि उपस्थित रहे। सभी ने अपने उद्बोधन में जन्मदिवस पर सभी पेंशनरों को अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की। आत्मप्रकाश अरोड़ा ने गीत सुनाया। एसोसिएशन जिलाध्यक्ष ललित त्रिवेदी ने सभी को जन्मदिन भी बधाई देते हुए मिसाइल मेन देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलॉम का इस दिन जन्मदिवस होने पर उन्हें याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ संरक्षक डॉ के .के. त्रिवेदी ने भी सभी को जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए।

उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा झाबुआ जिले के उद्यमियों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण

झाबुआ, । उद्यमिता विकास म.प्र. (सेडमैप) द्वारा जिले के उद्यमियों हेतु एक दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार की कार्यान्वयन एजेंसी रैम्प स्कीम के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले की एमएसएमई इकाईयों जो कि कोविड-19 जैसी आपदा से प्रभावित होकर क्षतिग्रस्त हो गई थी उन इकाईयों को प्रोत्साहित कर लाभ पहुँचानें के उद्देश्य से आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में 53 उद्यमियों ने भाग लिया जिन्हें उद्यमों के विस्तार एवं विकास हेतु शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे एम.एस.एम.ई, पी.एम.ई.जी.पी. रेम्प, जेम पोर्टल, डिजिटल मार्केटिंग, जेड सर्टिफिकेशन, लिन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में पधारे विषय विशेषज्ञ श्री राजीव दलेला द्वारा उद्यमियों को एमएसएमई इकाई हेतु जेड सर्टिफिकेशन के लिए विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ शेलेन्द्र मिश्रा द्वारा लिन पर जानकारी प्रदान की गई। विषय विशेषज्ञ आनंद रैकवार द्वारा डिजिटल मार्केटिंग व जेम पोर्टल पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कर सलाहकार श्री संजय व्यास द्वारा जीएसटी व इन्कमटेक्स पर विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के श्री संजीव जैन द्वारा उद्यमियों को एमएसएई योजना अन्तर्गत औद्योगिक विकास सहायता हेतु जानकारी प्रदान की गई ।

कार्यक्रम में पधारे पद्म श्री रमेंश परमार व शांति परमार द्वारा प्रशिक्षणार्थीयों को अपने उत्पाद को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने के प्रयासो पर प्रकाश डाला गया । कार्यक्रम में पधारे लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष श्री प्रकाश तलेशरा द्वारा नव उद्यमियों को उद्यम के विस्तार हेतु विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। आदिवासी वित्त एवं विकास निगम से श्री दिनेश श्रीवास ने कार्यक्रम की उपयोगिता व शासन की योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की रूपरेखा से सेडमैप के जिला समन्वयक कैलाश कर्मा ने अवगत कराया ।

जिला प्रभारी ने बूथ स्तर पर कांग्रेस को मजबूत बनाने के टिप्स कांग्रेस जनों को दिए

झाबुआ. आज जिला कांग्रेस की समीक्षा बैठक विधायक कार्यालय पर आयोजित हुई जिसमें जिले के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष विधानसभा प्रभारी अपनी अपनी रिपोर्ट लेकर उपस्थित हुए इस अवसर पर समस्त कांग्रेस पदाधिकारी ने जिला प्रभारी अमन बजाज का जिले में प्रथम आगमन पर पुष्प हारो से स्वागत किया उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रत्येक विधानसभा में 20-20 हजार का वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर फार्म का लक्ष्य रखा है जिले को 60000 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है वही झाबुआ विधानसभा के 356 थांदला विधानसभा के 304 वही पेटलावद विधानसभा क्षेत्र के 321बूथों पर बीएलए नियुक्ति फॉर्म जिसे 30 अक्टूबर तक प्रदेश कांग्रेस को प्रेषित करना है जिसकी समीक्षा आज बैठक में हुई

आयोजित समीक्षा बैठक में तीनों विधानसभा से वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर फार्म 22365 वह बीएलए की सूची जिला कांग्रेस को प्रभारी के समक्ष प्रस्तुत की गई जिसमें थांदला विधानसभा क्षेत्र का लक्ष्य लगभग संपूर्ण होने पर थांदला प्रभारी चैन सिंह डामोर ब्लॉक अध्यक्ष मेघनगर यामीन शेख का पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया प्रभारी अमन बजाज विधायक वीर सिंह भूरिया जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका ने सम्मान किया इस अवसर पर समस्त पदाधिकारों ने उन्हें बधाई दी

जयस ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

सोनम वांगचुक की रिहाई की मांग, कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी

पानसेमल, (नवभारत)। तहसील कार्यालय पर जयस संगठन ने ज्ञापन सौंपकर सोनू वांगचुक की रिहाई की मांग की है। जयस संगठन के संस्थापक विक्रम अछालिया ने बताया कि वांगचुक सामाजिक कार्यकर्ता है और उनके द्वारा अनेकों कार्य किए गए हैं। उनके ऊपर एनएएस की कार्रवाई करना दुर्भाग्यपूर्ण है। जयस संगठन द्वारा नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

पानसेमल सहित अन्य स्थानों पर भी ज्ञापन सौंपने की जानकारी दी गई है। इस दौरान विक्रम अछालिया, भूपेंद्र खेड़कर, महेश चौहान, निलेश चौहान, दिलीप पवार, गोविंद भंडारी सहित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

एक नजर में — पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल को सौंपा ज्ञापन

निमाड़ के बड़वानी जिले में कृषि महाविद्यालय प्रारंभ करने की मांग

नवभारत न्यूज़
बड़वानी, 17 अक्टूबर

निमाड़ क्षेत्र में कृषि महाविद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल को ज्ञापन सौंपा। इस महत्वपूर्ण विषय पर ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। जिसकी आत्मा गांवों में ही बसती है और ग्रामीण आजीविका में कृषि की महती भूमिक होती है। ये अत्यंत हर्ष का विषय है कि

आपके कुशल नेतृत्व में आपकी सरकार कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए पतिबद्ध है। जिसके नित नए उपाय कर रही है, लेकिन निमाड़ क्षेत्र में महत्वपूर्ण फसलें कपास, मिर्च, सोयाबीन, मक्का, बाजरा एवं सब्जियों का कृषि क्षेत्र में अद्वितीय योगदान रहता है। फिर भी इस क्षेत्र में कृषि महाविद्यालय नहीं है। निमाड़ क्षेत्र में जिलों की संख्या 8 है, सिर्फ 1 कृषि महाविद्यालय खंडवा है, जिसमें 80 सीटें हैं। मप्र में कृषि महाविद्यालय की 890 सीट हैं, जिसमें से निमाड़ क्षेत्र में 450 से भी अधिक विद्यार्थियों को अन्यत्र कृषि महाविद्यालयों में अध्ययन करने के लिए जाना पड़ता है। निमाड़ क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य है, जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर और दयनीय है।

महेंद्र सांवले बताया कि बड़वानी निमाड़ क्षेत्र में एकमात्र ऐसा जिला है, जहां अन्यत्र जिलों की दूरी 100 किमी के दायरे में आने वाले 5 जिलों के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। जिसमें खरगोन, बड़वानी, धार, अलीराजपुर और झाबुआ है। जिसे देखते हुए मांग है कि बड़वानी जिले में कृषि महाविद्यालय प्रारंभ किया जाए। इस दौरान सोनल, संध्या, लाली, सोनी, देवांशु, शुभम सहित अन्य उपस्थित थे।

1 कृषि महाविद्यालय

निमाड़ क्षेत्र में जिलों की संख्या 8 है, सिर्फ 1 कृषि महाविद्यालय खंडवा है, जिसमें 80 सीटें हैं।

एक नजर में

कलेक्टर ने देशी बैंक मोटे अनाज से जुडे कृषकों एवं मौटे अनाज को बढावा देने के लिए हर मुमकिन मदद का दिया आश्वासन

आलीराजपुर। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने सोण्डवा बोडग़ांव के बीच भ्रमण के दौरान डब्लु एच एच के सहयोग से ॠ मिरेकल मिलेट ॠ परियोजना अंतर्गत ग्रामीण किसानों और महिलाओ के सहयोग से बनाये गए मोटे देशी अनाज के बीज बैंक को देखा और सराहना की . डीएससी के बारे में समझा मिरेकल मिलेट परियोजना और बीज बैंक पर चर्चा की साथ ही उन्होंने महिला सदस्यों से बीजो के प्रकार , लेनदेन के तरीकों पर बात कर इस प्रयास को भविष्य के लिए एक बडा परिणाम देने वाला प्रयास बताते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री जी भी मोटे अनाज को बढाना चाहते आप लोग बेहतर काम कर रहे है और कृषि विभाग को भी सहयोग करने के लिये निर्देशित किया । उन्होंने इस अवसर पर मोटे अनाज से बने व्यंजनों को भी चखा और इनको पोष्टिक पर चर्चा की । इस दौरान उन?होने देश?ी बैंक एवं मोटे अनाज से जूडे कृषकों कों इसें बढावा देने के लिए हर मुमकिन मदद का दिया आश्वासन ।

विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

आलीराजपुर । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलीराजपुर की अध्यक्षता में जिला जेल आलीराजपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष के द्वारा बन्दियों के अधिकारों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी व्यक्ति, महिला या पुरूष जन्म से अपराधी नहीं होता और न ही स्वैच्छा से कारागार में प्रवेश लेता है। समाज में गरीबी, अज्ञानता, भय क्रोध व दुर्घटनात्मक परिस्थितियों के कारण व्यक्ति से अपराध घटित हो जाते है। प्रकरण के विचारण के लिए या सजा के कारण व्यक्तियों को कारागार में रहना पडता है, जिससे उसकी स्वच्छन्दता प्रतिबिंबित हो जाती है, किंतु अन्य सभी मूल अधिकार, मानव अधिकार सामान्य तौर पर उसे मूल कर्तव्यों व दायित्वों के साथ उपलब्ध रहते है। जेल में निरूद्ध बंदियों के संवैधानिक अधिकारों के अंतर्गत नि:शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह प्राप्त करने का अधिकार, पढने लिखने एवं अभिव्यक्ति का अधिकार, मारपीट व प्रताडना के विरूद्ध शिकायत, व्यक्तिगत सुनवाई का अधिकार, धर्म पालन का अधिकार, उपचार का अधिकार आदि सम्मिलित है। इसके साथ ही बन्दियों को अपील के अधिकार, प्री-मैच्योर रिलीज एवं नि:शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजना में संबंध में भी जानकारी दी गई।

सकल जैन श्री संघ द्वारा श्री ऋषभदेव बावन जिनालय से श्री गौड़ी पार्श्वनाथ मंदिर पर निकाली गई भव्य पैदल यात्रा

नूतन वर्ष पर अलसुबह जैन मंदिरों के पट खोलने के साथ भगवान को लड्डू का प्रसाद चढ़ाया जाएगा

झाबुआ। परम् पूज्य आचार्य देवेश श्रीमद् विजय हेमेन्द्र सूरीश्वरजी मसा, पपू साध्वीवर्य पुष्पाश्रीजी मसा, पपू साध्वी हेमप्रभा श्रीजी मसा, पपू साध्वी तरूण प्रभा श्रीजी मसा के आर्शीवाद स्वरूप एवं पपू साध्वीवर्या रत्नरेखा श्रीजी मसा आदि ठाणा-3 की निश्रा में सकल जैन श्री संघ द्वारा भव्य चैत्य परिपाटी निमित्त श्री ऋषभदेव बावन जिनालय से श्री गौड़ी पार्श्वनाथ मंदिर तक भव्य पैदल यात्रा निकाली गई। बाद श्री गौड़ी पार्श्वनाथ मंदिर पर साध्वी श्री रत्नरेखा श्रीजी मसा द्वारा समाजजनों को प्रवचन दिए गए।

जानकारी देते हुए श्वेतांबर जैन श्री संघ अध्यक्ष संजय मेहता एवं सचिव रत्नदीप सकलेचा ने बताया कि 16 अक्टूबर, गुरूवार सुबह 7.50 बजे समाज के श्रावक-श्राविकाओं द्वारा बावन जिनालय में श्री ऋषभदेव भगवान के दर्शन-वंदन बाद 8.10 बजे से श्री बावन जिनालय से पूज्य साध्वी श्री रत्नरेखा श्रीजी आदि ठाणा की निश्रा में भव्य पैदल यात्रा निकाली गई। यह पैदल यात्रा बैंड-बाजों पर धार्मिक गीतों के साथ निकली। जिसमें बड़ी संख्या में सकल श्री संघ के श्रावक-श्राविकाएं शामिल हुए। यह यात्रा बावन जिनालय से राधाकृष्ण मार्ग, राजवाड़ा, नेहरू मार्ग, डीआरपी लाईन, राजगढ़ नाका होते हुए कृषि उपज मंडी के सामने श्री गौड़ी पार्श्वनाथ मंदिर पहुंची। जहां समाजजनों ने श्री पार्श्वनाथ भगवान के दर्शन-वंदन बाद सुबह 10 बजे से पूज्य साध्वी श्री रत्नरेखा श्रीजी मसा के मंगल प्रवचन हुए। जिसमें पूज्य साध्वीश्री ने बताया कि देव, गुरू, धर्म की असीम कृपा से जैन समाज में धर्म-आराधना निरंतर गतिमान है। समाजजनों द्वारा जप, तप एवं विभिन्न आराधाएं की जा रहीं है। चातुर्मास में अनेक भव्य आत्माएं लाभांवित हो रहीं है। जैन समाज में पैदल यात्रा का विशेष महत्व है। उक्त संपूर्ण आयोजन का लाभ अशोक, कुलदीप राठौर परिवार द्वारा लिया गया। संपूर्ण आयोजन में बड़ी संख्या में समाज के श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे।

नूतन वर्ष पर मंदिरों के पट खोलकर लड्डू का प्रसाद चढ़ाया जाएगा

चोरी की दो खबरे पेटलावद और झाबुआ मिलाकर लीड लगा लेना पेज की

चोरों ने मंदिर भी नहीं छोड़ा, दो युवक आए चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

पेटलावद। नगर के अंबिका चौक में स्थित राठौड़ समाज के लक्ष्मीनारायण मंदिर में दो युवकों ने महज एक मिनिट के अंदर ही भगवान के मुकुट सहित अन्य जेवरात चुरा लिए। घटना रविवार शाम 7ः 45 बजे की इस दौरान मंदिर के पुजारीजी ध्यान साधना में लीन थे। उन्हें यह अहसास ही नहीं हुआ कि यहां चोरी हो गई है। वे सुबह जब पूजा करने आए तो भगवान् के जेवरात गायब मिले तो समाजजनों को सूचना दी गई। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हो गया है ।पुलिस अब नगर के सीसीटीवी खंगाल कर जांच में लगी है।पेटलावद के अंबिका चौक पर स्थित राठौड़ समाज के श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में हुई इस घटना ने एक बार फिर चोरों की निडरता दिखाई दी है ।

पुजारी कृष्णकांत शुक्ला ने बताया कि जब वे साधना में लीन थे, तब यह घटना हुई। चुकी बाहर मंदिर पर आरती हो रही थी इसी के साथ भक्तों का यहां दर्शनार्थ आना जाना लगा रहता है। इसीलिए इस ओर ध्यान नहीं गया और मंदिर के द्वार बंद कर वे घर चले गए।

लेकिन सुबह जब मंदिर आए तो घटना के बारे में जानकारी मिली,सूचना मिलने पर अध्यक्ष शंकरलाल राठौड़ , दीपक राठौड़, शिवा राठौड़ सहित बड़ी संख्या में समाजजन पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पूरा घटनाक्रम ष्ह्ल1 में कैद हो गया है ।पुलिस ने मंदिर पर पहुंचकर आस पास के ष्ह्ल1 कैमरे खंगाल रही है। अध्यक्ष राठौड़ ने बताया कि इस घटना में चांदी का मुकुट एवं अन्य जेवर करीब 500 ग्राम की चोरी हुई है।

एक नजर — मंदिर समिति द्वारा पुलिस थाने पर एफआईआर दर्ज करवाई गई, पुलिस ने आरोपी पूजारी देवेन्द्रपूरी गोस्वामी को किया गिरफ्तार

श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर से पूजारी ने चांदी का मुकुट एवं अन्य कीमती सामग्रीयां चुराई

झाबुआ। शहर के छोटे तालाब स्थित श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर से मंदिर के पीछे ही निवासरत पूजारी देवेन्द्रपूरी गोस्वामी द्वारा भगवान को अर्पण किया गया चांदी का मुकुट सहित अन्य किमती सामग्रीयां चुरा ली गई। शिवलिंग पर चांदी का मुकुट एवं अन्य चांदी की सामग्रीयां आभूषण व्यवसायी कमलेश सोनी द्वारा अपने पिता स्व. पुष्पकरण सोनी की स्मृति में अर्पण की गई थी। घटनाक्रम में मंदिर समिति द्वारा पुलिस थाने पर शिकायत किए जाने पर पुलिस द्वारा आरोपी मंदिर के पूजारी देवेन्द्रपूरी गोस्वामी को

गिरफतार कर कार्रवाई की जा रहीं है।

पूरा मामला इस प्रकार है कि श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर के पूजारी देवेन्द्रपूरी गोस्वामी, जो अपने परिवार के साथ मंदिर के पीछे ही निवासरत है। देवेन्द्रपूरी गोस्वामी ने अपने निजी कार्य के लिए मंदिर में शिवलिंग को अर्पण किया गया चांदी का मुकुट के साथ मंदिर में रखे चांदी के ग्लास, कटोरी, चम्मच, आरती की थाली कुल 865 ग्राम चांदी कीमती 55 हजार रू. एवं अन्य लोहे की सामग्रीयां कीमती 10 हजार रू. इस प्रकार कुल 65 हजार रू. की सामग्रीयां चोरी कर ली गई। चांदी का मुकुट प्रतिदिन प्रात:काल आरती के समय भगवान को चढ़ाया जाता है, जो मंदिर समिति एवं लाभार्थी कमलेश सोनी को नहीं दिखने पर मंदिर के पूजारी देवेन्द्रपूरी गोस्वामी से काफी पूछताछ करने के बाद भी लगातार गुमराह किया गया। देवेन्द्रपूरी गोस्वामी ने बताया कि उन्होंने चांदी का मुकुट सफाई कार्य हेतु रतलाम एवं अन्य स्थानों पर भिजवाया है। जहां पता करने पर उक्त जानकारी गलत पाई गई। मंदिर समिति एवं मंदिर से जुड़े श्रद्धालुओं द्वारा गहनता से पूछताछ करने पर पूजारी देवेन्द्रपूरी गोस्वामी द्वारा अपशब्दों का प्रयोग करते हुए जानकारी देने से साफ मना कर दिया गया।

पुलिस थाने पर दर्ज करवाई एफआईआर

देवेन्द्रपूरी गोस्वामी द्वारा करीब 65 हजार रू. का किमती सामान चोरी करने की अधिकृत पुष्टि होने पर अंतत: मंदिर समिति की ओर से पूजारी गोस्वामी के खिलाफ पुलिस थाने पर एफआईआर दर्ज करवाई गई। पुलिस ने चोरी की धारा 305 के तहत कायमी पर आरोपी को गिरफतार कर पुलिस थाने लाया गया। जहां देवेन्द्रपूरी गोस्वामी के विरूद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की गई। इनका कहना है- - श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर से भगवान का चांदी का मुकुट एवं अन्य सामग्रीयां चुराने के अपराध में आरोपी देवेन्द्रपूरी गोस्वामी को गिरफतार कर धारा 305 के तहत कायमी की गई है। फिलहाल आरोपी जमानत पर रिहा है। आरसी भास्करे, थाना प्रभारी, पुलिस थाना झाबुआ।